आईआईएम रांची में अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची और रीजनल डायरेक्टरेट स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप (आरडीएसडीई) की ओर से मंगलवार को अप्रेंटिसशिप कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य अप्रेंटिसशिप स्कीम को बढ़ावा देना और राज्य में एक सतत कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर जोर देना है। इस अवसर पर राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, पद्मश्री अशोक भगत, आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, ज्वाइंट सेक्रेटरी एमएसडीई सोनल मिश्रा, डायरेक्टर आरडीएसडीई एनआर अरविंदन आदि उपस्थित रहे। सीपी राधाकृष्णन ने कुशल प्रशिक्षुओं के निर्माण के लिए झारखंड की क्षमता और देश के विकास में उनके योगदान पर जोर दिया। उन्होंने देश में अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रशंसा की। पद्मश्री अशोक भगत ने झारखंड राज्य में ग्रामीण व समावेशी विकास और आदिवासियों के कौशल विकास के पहलुओं पर जोर दिया। इसमें तीन पैनल के माध्यम से अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। पहले पैनल में पाठ्यक्रम के अपडेशन और मोडिफिकेशन के बारे में चर्चा हुई, जिससे कौशल और रोजगार के बीच के गैप को कम किया जा सके। दूसरे पैनल में उद्योग विशेषज्ञों ने अपनी अपेक्षाओं और संभावित तरीकों के बारे चर्चा की।

Dainik Bhaskar, 04.05.2023, Pg.5